भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 174

जिसका उत्तर सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31आषाढ़, 1946 (शक) को दिया गया

ऋण सुलभता के लिए सार्वजनिक तकनीकी मंच का विकास

174. श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय रिजर्व बैंक ने रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच) द्वारा ऋण सुलभता के लिए एक सार्वजनिक तकनीकी मंच के विकास की घोषणा की है और वर्तमान में क्रेडिट मूल्यांकन के लिए आवश्यक आंकड़े केन्द्र और राज्य सरकारों, बैंकों और ऋण सूचना कंपनियों जैसी विभिन्न संस्थाओं के पास उपलब्ध हैं और इससे ऋणों के बाधारहित वितरण में बाधा उत्पन्न हुई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है और यह आम जनता के लिए किस प्रकार उपयोगी होगा?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह सूचित किया है कि उसने 10 अगस्त, 2023 को जारी 'विकासात्मक और विनियामक नीतियों संबंधी वक्तव्य' के हिस्से के रूप में निर्बाध ऋण के लिए एक सार्वजनिक तकनीकी प्लेटफॉर्म के विकास (पीटीपीएफसी) की घोषणा की थी। पीटीपीएफसी के प्रायोगिक (पायलट) का शुभारंभ 17 अगस्त, 2023 को हुआ।

यह प्लेटफॉर्म एक एंटरप्राइज–ग्रेड ओपन आर्किटेक्चर आईटी प्लेटफॉर्म है, जो डिजिटल रूप से विभिन्न डेटा स्रोतों से जानकारी की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ऋण के एक बड़े पारिस्थितिकी तंत्र के संचालन के लिए महत्वपूर्ण केंद्र है और इसे उधार के दायरे में एक व्यापक डिजिटल सार्वजनिक अवसरंचना इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में कार्य करने की दृष्टि से विकसित किया गया है। वित्तीय सेवा प्रदाता और कई डेटा सेवा प्रदाता प्लग एंड प्ले मॉडल में मानक और प्रोटोकॉल संचालित आर्किटेक्चर, ओपन और शेयर्ड एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) फ्रेमवर्क का उपयोग करके प्लेटफॉर्म पर मिलते हैं।

यह प्लेटफॉर्म ग्राहकों, उधारदाताओं और डेटा सेवा प्रदाताओं सहित सभी हितधारकों के लिए लाभदायक है। ग्राहकों को दस्तावेज–आधारित प्रलेखन या बैंक शाखाओं में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए बिना विश्वस्त सहमति आर्किटेक्चर के साथ डिजिटल रूप से उपलब्ध डेटा के मूल्य को अनलॉक करके सुलभ ऋण मिलता है। नेटवर्क प्रभाव, मानकीकरण, लागत और टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) के संदर्भ में दक्षता, ऋण प्रक्रिया में नवाचार, मापनीयता और बढ़ती पहुंच के कारण ऋणदाता और डेटा सेवा प्रदाता लाभान्वित होते हैं।

वर्तमान में, नौ ऋण संबंधी गतिविधियां प्लेटफॉर्म पर चल रही है, जिनमें किसान क्रेडिट कार्ड ऋण, डिजिटल डेयरी/पशु संबंधी ऋण, एमएसएमई ऋण, आवास ऋण, निजी ऋण, ट्रैक्टर ऋण, सूक्ष्म कारोबार ऋण, वाहन ऋण और डिजिटल गोल्ड ऋण शामिल हैं।

*****